हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, सोमवार 2 फरवरी 2026
कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड

तापमान
अधिकतम 29 डिग्री
न्यूनतम 15 डिग्री

5 हजारों श्रद्धालुओं ने महानदी व बालका नदी के संगम में लगाई...

6 जनप्रतिनिधियों ने राजिम मेला में मगरलोड की उपेक्षा...


## खबर संक्षेप

### आज बरारी में होगी मड़ई

**धमतरी।** ग्राम बरारी में 2 फरवरी को मड़ई होगी। रात्रि में मोर मयारू बेटा छत्तीसगढ़ी नाचा पार्टी भाठागांव सिकोसा जिला बालोद की प्रस्तुति होगी। यह जानकारी ग्राम विकास समिति अध्यक्ष रोशन मरकाम, सचिव मोतीलाल यादव, सरपंच राजेन्द्र नागवंशी ने दी।

### भेण्डसर में श्रीराम चरित मानस सम्मेलन 6 से

**अंवरी।** ग्राम पंचायत भेण्डसर में श्रीराम चरित मानस सम्मेलन का आयोजन 6 से 8 फरवरी तक किया जा रहा है। तैयारी में आयोजक समिति, बजरंग दल सेवा समिति व ग्रामवासी जुटे हुए हैं। यह जानकारी संरक्षक दिनेश साहू, अध्यक्ष नरेश साहू ने दी।



### दिव्यांगों के बैकलॉग पद को शीघ्र भरने की मांग

**धमतरी।** छत्तीसगढ़ निशक्त अधिकारी-कर्मचारी कल्याण संघ के अध्यक्ष घनश्याम सिंह साहू ने राज्य सरकार से दिव्यांगजनों के लिए निर्धारित 6% आरक्षण अंतर्गत रिक्त (बैकलॉग) पदों को शीघ्र भरने की मांग की है। उन्होंने कहा कि मूकबधिर, नेत्रबाधित एवं अस्थिबाधित दिव्यांगजनों के पदों को व्यावसायिक परीक्षा के माध्यम से जल्द भरा जाना चाहिए, ताकि लंबे समय से रिक्त पड़े पदों पर योग्य और वास्तविक दिव्यांग अभ्यर्थियों को अवसर मिल सके। साथ ही श्री साहू ने फर्जी दिव्यांग प्रमाण-पत्रों की जांच प्रक्रिया को शीघ्र पूर्ण करने की भी मांग की।

### ट्रेनिंग लेकर घर लौटने पर आज पायल का स्वागत होगा

**नगरी।** सिंगपुर की कुमारी पायल का चयन बीएसएफ में हुआ था। वह स्व. डोमार सिंह-भुनेश्वरी कंवर की पुत्री है। सिलीगुड़ी पश्चिम बंगाल से सफलतापूर्वक ट्रेनिंग कर आज गृह ग्राम लौटेंगी। ग्राम सिंगपुर में हर्ष का माहौल है। गृह ग्राम आगमन पर स्वागत हेतु ग्राम पंचायत के सदस्यों के साथ सर्व ग्रामीण समाज की बैठक आयोजित की गई। सरपंच लोमेश्वर साहू ने बताया कि दोपहर तीन बजे बंजारी मंदिर के पास बाजे-गाजे के साथ रैली निकाली जायेगी। धनंजय साहू, राधे लाल सिन्हा, सफीना बानो, डॉ हेमन्त साहू, जितेंद्र गंगासागर, टिकेश्वर ध्रुव, लोमश मरकाम, ज्योति तिवारी, विष्णु निर्मलकर, इकरामुद्दीन रिजवी, आनन्द यादव, गोपाल ध्रुव, सेजेस के प्राचार्य डॉ व्हीपी चन्द्रा ने हर्ष जताया है।

### दिव्यांग प्रेरणा जनकल्याण समिति की हुई बैठक



**धमतरी।** दिव्यांगजनों को शासन से मिलने वाली सुविधाएं एवं लाभ की जानकारी को आम दिव्यांगजनों तक पहुंचाने के उद्देश्य से विगत दिनों सांकरा में बैठक आयोजित की गई जिसमें दिव्यांगजनों के लिए यूडीआईडी कार्ड बनवाने, टाइसाइकिल, छड़ी, चश्मा, बैटरी चलित गाड़ी व्हीलचेयर बैसाखी, मेडिकल प्रमाण-पत्र बनवाना, 80 प्रतिशत दिव्यांगता वालों के लिए बस एवं रेलवे पास बनवाने, विवाह प्रोत्साहन योजना से लाभान्वित करने पहल की गई। बैठक में घनश्याम सिंह साहू, बसंत कुमार विश्नोई, रोहित साहू, डेरहाराम, नीलकंठ, सुमन मेश्राम, सुलोचना सुलेखा अली, सुमन मिलाप, शिवचरण, डाली, फागूराम, कामताप्रसाद, इंद्रजीत ध्रुव, होलाराम उपस्थित थे।

---

### रूद्रेश्वर घाट, डोंगेश्वर धाम में भरा भव्य माघ मेला

# मेले में पहुंचे 52 गांव के देवी-देवता





हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

रूद्रेश्वर घाट में 52 गांव के देवी-देवताओं का मिलन का हुआ। कई गांवों से आंगादेव की सवारी भी पहुंची थी। माघ पूर्णिमा पर यहां पर सुबह तीन बजे से ही स्नान दान का सिलसिला शुरू हो गया था। रूद्रेश्वर महादेव के दर्शन के लिए लाइन में खड़े होकर श्रद्धालु चार से पांच घंटे तक इंतजार करते रहे। डोंगापथरा देवपुर में भी सुबह 3 बजे से पुण्यस्नान के लिए श्रद्धालु पहुंचने लगे थे।

रविवार को माघ पूर्णिमा के अवसर पर जिले के कई स्थानों पर भव्य मेला लगा। रुद्रेश्वर घाट में एक दिवसीय मेला लगा, जहां पर सुबह 3 बजे से ही श्रद्धालु पुण्य स्नान और भगवान भोलेनाथ के दर्शन करने के लिए पहुंच गए थे। सुबह की ठंड में लोगों ने महानदी में डुबकी लगाई। मान्यता है कि इस दिन स्वयं भगवान विष्णु पवित्र नदियों में वास करते हैं। लोगों ने मानसिक शांति, सुख-समृद्धि और पितृ दोष से मुक्ति के लिए महानदी में दीपदान किया। स्नान के बाद दर्शन के लिए मंदिर पहुंचे। हजारों की संख्या में लोगों के जमा होने से मंदिर के बाहर लंबी कतार लग गई थी। भोलेनाथ के दर्शन के लिए लोगों को घंटों कतार में इंतजार करना पड़ा।

#### डोंगापथरा में तीन दिवसीय मेला



धमतरी से 22 किमी दूर देवपुर डोंगेश्वर धाम में तीन दिवसीय माघ मेले की शुरूआत हुई। यहां सुबह से धार्मिक आयोजन का सिलसिला शुरू हो गया था। सुबह स्नान दान के बाद श्रद्धालुओं ने पातालेश्वर महादेव के दर्शन किए। डोंगापथरा के दर्शन के लिए श्रद्धालु पहुंचे थे। यहां सुबह से ही मेला भरना शुरू हो गया था। शाम ढलने से पहले काफी भीड़ हो गई थी। तीन दिन तक यहां रात्रि में मनोरंजक कार्यक्रम रखा गया है।

#### देवताओं की डांग-डंगनी के सामने श्रद्धा से झुके सिर

रुद्रेश्वर महादेव मंदिर के प्रांगण में माघ पूर्णिमा उत्सव का इतिहास काफी पुराना है। यहां पर आसपास के 52 गांव से देव-देवताओं की सवारी, डांग-डंगनी पहुंचती है। रविवार को भी सुबह 3 बजे से इन गांवों से देवताओं की सवारी, डांग, डंगनी पहुंची थी। गड़वा बाजे की धुन पर आंगादेव के सवारी नृत्य ने लोगों का मन मोह लिया। घंटों तक मंदिर प्रांगण में डंगनी और आंगादेव की सवारी का नाच चलता रहा।

#### दूर-दूर से पहुंचे श्रद्धालु

दोपहर से यहां पर भव्य मेला शुरू हो गया था। पूजा -अर्चना के बाद के बाद लोगों ने मेले का आनंद लिया। रुद्री चौक से लेकर मंदिर परिसर, बैराज क्षेत्र, गंगरेल रोड सहित पूरे क्षेत्र में दुकानें लगी थीं। यहां पर सिर्फ भीड़ नजर आ रही थी। मेले में शाम 6 बजे तक खचाखच भीड़ रही। इसके बाद भीड़ में कमी आई। रात 9 बजे तक मेला स्थल में रौनक बनी रही।

#### रूद्रेश्वर मेला में यह रहे आकर्षण









---

#### सेवानिवृत्ति पर वरिष्ठ आरक्षक पैकरा को दी गई विदाई

# 41 वर्षों की सेवा के लिए बंशीलाल को मिला सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी




एसपी के मार्गदर्शन में शनिवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय में वरिष्ठ आरक्षक बंशीलाल पैकरा को सेवानिवृत्त होने पर विदाई दी गई। इस दौरान पुलिस जवानों ने उनके अनुकरणीय एवं कर्तव्य परायण सेवा कार्यों को स्मरण किया।

कार्यालय में उपस्थित पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने कहा कि 41 वर्षों की लंबी अवधि तक श्री पैकरा ने पुलिस विभाग को सेवा दी है। अपने संपूर्ण सेवाकाल के दौरान उन्होंने अनुशासन, ईमानदारी एवं कर्तव्यनिष्ठा के साथ पुलिस विभाग की गरिमा को सदैव बनाए रखा। विदाई समारोह में एसपी ने उनके उज्ज्वल भविष्य, उत्तम स्वास्थ्य एवं सुखमय सेवानिवृत्त जीवन की शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम के अंत में श्री पैकरा को शाल, श्रीफल एवं प्रतीक चिन्ह भेंटकर ससम्मान विदाई दी गई। मौके पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शैलेन्द्र कुमार पांडेय, डीएसपी सुश्री मीना साहू, यशकरण दीप ध्रुव, डीपीओ अजय सिंह, मुख्य लिपिक श्रीमती लक्ष्मी ध्रुव, स्टेनो अखिलेश शुक्ला सहित अन्य पुलिस जवान उपस्थित थे।

# विकसित भारत के संकल्प को साकार करने वाला बजट

- भाजपा जिला कार्यालय में हुआ केंद्रीय बजट का श्रवण कार्यक्रम, नेताओं ने रखे विचार

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी



भाजपा जिला कार्यालय में केंद्रीय बजट श्रवण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के संयोजक जिला अध्यक्ष प्रकाश बैस रहे। प्रदेश उपाध्यक्ष भाजपा श्रीमती रंजना साहू ने कहा कि केंद्र सरकार का बजट गरीब, किसान, महिला, युवा और मध्यम वर्ग के कल्याण को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। बजट में महिला सशक्तिकरण, स्वरोजगार, शिक्षा और स्वास्थ्य के लिए किए गए प्रावधान समाज के कमजोर वर्गों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं।

संयोजक एवं जिलाध्यक्ष प्रकाश बैस ने कहा कि यह बजट विकसित भारत के संकल्प को साकार करने वाला बजट है। इसमें बुनियादी ढांचे के विकास, रोजगार सृजन, किसानों के हित और युवाओं के भविष्य को ध्यान में रखते हुए ठोस प्रावधान किए गए हैं

महापौर जगदीश रामू रोहरा ने कहा कि केंद्रीय बजट से शहरी विकास को नई दिशा मिलेगी। नगर निगम क्षेत्रों में अधोसंरचना विकास, स्वच्छता, सड़क, पेयजल एवं मूलभूत सुविधाओं के विस्तार में बजट से सहयोग मिलेगा। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की योजनाओं से शहरों के विकास कार्यों को गति मिलेगी और नागरिक सुविधाओं में सुधार होगा। कार्यक्रम का संचालन पूर्व उपाध्यक्ष भाजपा कविंद्र जैन द्वारा किया गया। आमदी मंडल के अध्यक्ष विनय जैन ने आभार प्रदर्शन किया।

मौके पर जिले महामंत्री राकेश साहू एवं श्री महेंद्र पंडित, सभापति श्रीमती कौशल्या देवांगन, नगर पंचायत आमदी की अध्यक्ष श्रीमती ज्योति साहू, आमदी मंडल महामंत्री कमल देवांगन, अनिल तिवारी सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी एवं सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# जानलेवा हमलाकर मोबाइल लूटने वाले तीन आरोपी गिरफ्तार

- चार दिन में पुलिस ने मामला सुलझाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

भखारा से जोरातराई जा रहे एक व्यवसायी पर हमला कर उसे लूटने के मामले में पुलिस ने तीन नाबालिग को गिरफ्तार किया है। हाफ मर्डर और लूट के इस मामले को पुलिस ने चार दिन में सुलझा लिया।

घटना सोमवार की है। भखारा में ओम कम्प्यूटर के प्रोपाइटर रात को दुकान बंद कर अपने घर जोरातराई जा रहे थे। रास्ते में अज्ञात लोगों ने मोटर साइकिल में सवार ओंकार साहू को रोककर डंडे से अधमरा होने तक पिटाई की और उसका मोबाइल छीनकर फरार हो गए। ओंकार का उपचार अभी भी धमतरी के अस्पताल में चल रहा है।


घायल ओंकार

इस मामले को सुलझाते हुए भखारा थाना प्रभारी समीर तिवारी ने बताया कि मामले में तीन नाबलिग को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें सुधारगृह माना भेजा गया है।

#### मोबाइल का लॉक खुलवाने के चक्कर में फंसे आरोपी

पुलिस के मुताबिक आरोपी राहगीरों को लूटने के इरादे से सड़क किनारे छिपे हुए थे। उसका शिकार ओंकार साहू बन गया। डंडे से अधमरा होते तक मारने के बाद आरोपियो ने ओंकार की जेब से मोबाइल निकाला। इसी समय सामने से आ रही दूसरे मोटर साइकिल की लाइट को देखकर तीनों आरोपी मोबाइल लेकर फरार हो गए। वारदात के बाद पुलिस ने भखारा के सभी मोबाइल दुकानदारों को किसी संदिग्ध व्यक्ति मोबाइल फोन लेकर आने पर सूचना देने को कहा। आरोपी लूटे गए मोबाइल का लॉक खुलवाने भखारा पहुंचे और पुलिस के जाल में फंस गए। तीनों आरोपी भेंडसर के बताए जा रहे है।

# दो हजार में जीवनयापन को मजबूर मध्यान्ह भोजन रसोइया : ममता

- छग संयुक्त शिक्षक संघ की प्रदेश अध्यक्ष ने सरकार से मानदेय बढ़ाने की मांग की

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

छत्तीसगढ़ की प्राथमिक एवं माध्यमिक शालाओं में वर्ष 1996 से सेवाएं दे रहे मध्यान्ह भोजन रसोइयों की आर्थिक स्थिति बेहद दयनीय बनी हुई है। मात्र 2000 मासिक मानदेय में कार्यरत ये रसोइये बच्चों को पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराने के साथ-साथ विद्यालय व्यवस्था का अहम दायित्व निभा रहे हैं। इतने कम मानदेय में परिवार का भरण-पोषण करना इनके लिए लगभग असंभव हो गया है। सरकार द्वारा समय-समय पर मानदेय बढ़ाने के आश्वासन दिए गए, लेकिन अब तक कोई ठोस निर्णय सामने नहीं आया। चुनाव पूर्व मोदी की गारंटी के तहत 50 प्रतिशत मानदेय वृद्धि का वादा भी किया गया था, जो अब तक पूरा नहीं हुआ है। छत्तीसगढ़ संयुक्त शिक्षक संघ की प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती ममता खालसा ने सरकार से मांग की है कि मध्यान्ह भोजन रसोइयों को 5000 मासिक मानदेय दिया जाए। उन्होंने कहा कि यह कदम इन मेहनतकश महिलाओं को सम्मानजनक जीवन देने के लिए अत्यंत आवश्यक है।



### प्राथमिक स्तर में 658 और उच्च प्राथमिक स्तर की परीक्षा में 859 परीक्षार्थी अनुपस्थित

# दो पाली में हुई शिक्षक पात्रता परीक्षा, कठिन सवालों में उलझे परीक्षार्थी

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

जब बच्चा लिखने के लिए कलाई एवं उंगली का समन्वय सीखता है तो वह किस विकास को दर्शाता है। भूख, प्यास और नींद जैसे प्राथमिक उद्देश्य जन्मजात प्राकृतिक प्रवृत्तियां हैं और जीवित रहने के लिए आवश्यक है। इसका कारण मानव व्यवहार केवल जन्मजात जैविक प्रवृत्तियों से संचालित होते हैं, विकल्प चुनिए जैसे प्रश्नों ने शिक्षक पात्रता परीक्षा 2026 के परीक्षार्थियों को उलझाए रखा।

रविवार को छग व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा आयोजित शिक्षक पात्रता परीक्षा दो पाली में हुई। प्रथम पाली में प्राथमिक स्तर की परीक्षा सुबह 9.30 बजे प्रारंभ हुई। केंद्रों का मुख्य द्वार 9 बजे बंद कर दिया गया। प्रथम पाली के लिए 16 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे। 5039 पंजीकृत परीक्षार्थियों में 658 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। दूसरी पाली की परीक्षा 3 बजे से प्रारंभ हुई। प्रवेश द्वार 2.30 बजे बंद हुआ। दूसरी पाली की परीक्षा उच्च प्राथमिक स्तर के लिए आयोजित थी, जिसके लिए 32 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे। इसमें 8520 पंजीकृत परीक्षार्थियों में से 859 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।





परीक्षा केंद्रों में फ्रीस्किंग एवं फोटो पहचान पत्र के माध्यम से जांच की गई। जांच के लिए केंद्रों में महिला तथा पुरूष पुलिस की तैनाती रही। जहां हल्के रंग की आधी बांह वाले कपड़े, कपड़े का गहरा रंग, जैकेट, नेटवाले कपड़ों की पड़ताल की गई। कुछ लोग डार्क कपड़े फुल बांह की शर्ट और सलवार के साथ आए। समय को देखते हुए कुछ परीक्षाथियों को फुल बांह की शर्ट को कैंची से कटवाना पड़ा। कुछ परीक्षाथी वापस लौटे तो एक मिनट की देरी के कारण परीक्षा से वंचित होना पड़ा। परीक्षा में मोबाइल, घड़ी, पर्स, बेल्ट, टोपी प्रतिबंधित रहा।

#### अनेक शिक्षकों ने दी दोनों पाली की परीक्षा

टेट की परीक्षा में कई नियमित शिक्षकों ने परीक्षा दिलाई। शिक्षिका श्रीमती धमगाय ने बताया कि दोनों पाली की परीक्षा में वे शामिल हुए हैं। प्रथम पाली के प्रश्नों में उलझकर रह गए, खूब सोचना पड़ा। शिक्षक श्री देवांगन ने बताया कि प्रथम पाली का प्रश्न कठिन था, दूसरी पाली की परीक्षा के प्रश्न न कठिन थे और न सरल। ज्ञात हो कि शासन द्वारा बाध्यता है कि टीईटी परीक्षा पास होने पर ही शिक्षकों को प्रमोशन दिया जाएगा।

श्रद्धालुओं ने खारून नदी में स्नान कर भगवान विष्णु, माता लक्ष्मी, अन्नपूर्णा के दर्शन किये

# अन्नपूर्णा धाम कोदोरास में लगा भव्य मेला



हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद

धमतरी जिले के अन्नपूर्णा धाम कोदोरास में माघ पूर्णिमा पर एक भव्य और पारंपरिक मेले का आयोजन किया गया है। प्रतिवर्ष आयोजित होने वाले इस मेले में सुबह श्रद्धालुओं ने पवित्र खारून नदी के जल में स्नान कर भगवान विष्णु, माता लक्ष्मी और अन्नपूर्णा के दर्शन किये साथ ही मनोकामना ज्योत जलाई। यहां सांस्कृतिक कार्यक्रम और बच्चों के लिए झूलों का विशेष आयोजन किया गया है। पुलिस प्रशासन सुरक्षा के लिए सतर्क रहा।

गौरतलब हो कि ग्राम सिलौटी स्थित कोदोरास स्थित अन्नपूर्णा धाम में यह मेला बाबा गोरखनाथ के प्रयास से निर्मित मंदिर में आयोजित होते आ रहा है, जहां श्रद्धालु आस्था के साथ शामिल होते हैं। यहां श्रद्धालु अलसुबह से ही कतारों में लगकर भगवान के दर्शन करते हैं। मेले में पारंपरिक वस्तुओं की दुकानों के साथ मनोरंजन के लिए झूलों का आकर्षण रहा।

इस अवसर पर सरपंच पिंटूराव शिंदे, मंदिर समिति के गिरधारी साहू, राजकुमार साहू, शिवप्रसाद, योगेश्वर सिन्हा, महेंद्र, धनेश, लेखराम सिन्हा, गौकरण, कुलेश्वर, राजेश, नोहर साहू, मनीषा साहू, सविता गंजीर, परमेश्वरी, पूजा साहू, श्रवण साहू, लुकेश चंद्राकर, कामेश्वर साहू, लोकेश्वर, नरसिंग समेत जोरातराई, तर्रागोंदी, तिपानी, सौराबांधा, रींवागहन, ओदरागहन, सेमरा, खपरी, जुगदेही, कोर्रा समेत दूर-दूर अंचल से श्रद्धालु पहुंचे थे।

### धाम की कृपा से सरपंच से विधायक बना : लेखराम

कार्यक्रम में बतौर अतिथि पहुंचे पूर्व विधायक लेखराम साहू ने कहा कि कोदोरास माता के कृपा से मैं ग्राम



सिलौटी का सरपंच बना फिर कुरुद विधानसभा से विधायक बना, राज्यसभा सांसद प्रत्याशी और अब राष्ट्रीय समन्वयक पिछड़ा वर्ग नई दिल्ली बना। यह सब माता की असीम कृपा से हुआ है। आज गांव में रोड, स्कूल, कॉलेज से लेकर बड़े विकास कार्य हुए हैं। इस क्षेत्र के लोग पढ़े लिखे और सरकारी पदों पर नौकरी करें। उन्होंने कोदोरास माता सेइस क्षेत्र की खुशहाली एवं संपन्नता की प्रार्थना की।

## शिक्षा के बिना समाज अधूरा है : नेहरू

- पिछड़ा वर्ग आयोग अध्यक्ष गुहा जयंती समारोह में हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭मगरलोड



ग्राम बोरसी व भरारी में निषाद समाज द्वारा आयोजित गुहा निषाद राज जयंती में राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग अध्यक्ष नेहरू निषाद शामिल हुए थे। श्री निषाद ने कहा कि भगवान श्रीराम के प्रति भक्त गुहा निषाद राज की अटूट भक्ति थी जिनके कारण निषाद समाज हमेशा भगवान श्रीराम के प्रति आस्था विश्वास रखता है। समाज में शिक्षा की अति आवश्यकता है। शिक्षा के बिना समाज अधूरा है। आज समाज के युवक युवती बीएसएफ, अग्निवीर नौसेना पदों पर चयन होकर देश सेवा के लिए जा रहे हैं।

इस अवसर पर जिला कोषाध्यक्ष शंभू निषाद, डोंगेश्वर परिक्षेत्र देवपुर अध्यक्ष प्रकाश निषाद, उपाध्यक्ष लखन निषाद, निक्की निषाद, महासचिव परदेशी निषाद, कोषाध्यक्ष संतोष निषाद, टेकराम निषाद, उमाशंकर निषाद, संतोष चंदन, दुलेश निषाद सहित बड़ी संख्या में सामाजिकजन उपस्थित थे।

## डाही सोसाइटी के 54 कृषकों का नहीं बिका धान

हरिभूमि न्यूज ⏭डांडेसरा(धमतरी)



प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति डाही केन्द्र क्रमांक 619 में किसानों ने धान खरीदने की मांग को लेकर शाखा प्रबंधक, तहसीलदार भखारा एवं प्राधिकृत अधिकारी के नाम से ज्ञापन सौंपा। किसान प्रशांत चन्द्राकर, ईश्वर साहू एवं महेन्द्र चेलक ने बताया कि वर्ष 2025-26 में सभी किसानों का धान विक्रय हेतु पंजीयन हुआ है। धान खरीदी की अंतिम तिथि 30 जनवरी थी, लेकिन अभी तक 54 कृषकों का धान विक्रय नहीं हुआ है, जिसमें कुछ किसानों का ऋण भी बाकी है। डाही सोसायटी में किसानों के बार-बार पूछे जाने पर भी संतुष्टप्रद जवाब प्राप्त नहीं हो पाता है। 2 फरवरी सोमवार तक अगर सभी किसानों का टोकन नहीं कटता है तो हम सभी किसान 3 फरवरी को अपना धान डाही सोसायटी में लाएंगे, किसी प्रकार की क्षति होती है तो सम्पूर्ण जवाबदारी शासन-प्रशासन की होगी। इस अवसर पर किसान धनंजय यादव, मोहन साहू, कलीराम, नेतराम साहू, राकेश, महेन्द्र सेन, योगेश साहू, ईशु, धनेश राम साहू, ऋषिकेश चन्द्राकर, राधेश्याम ध्रुव, धरमीन साहू, खिलेन्द्र कुमार साहू, होरीलाल उपस्थित थे।

## साहू संघ के जिलाध्यक्ष ने किया संगठन का विस्तार



हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

जिला साहू संघ धमतरी के तत्वावधान में नगरी में शपथ ग्रहण समारोह शुक्रवार को हुआ। मुख्य अतिथि प्रदेश के उपमुख्यमंत्री अरुण साव थे। प्रदेश साहू संघ अध्यक्ष नीरेंद्र साहू ने जिलाध्यक्ष गणेशराम साहू, उपाध्यक्ष निर्मला साहू, संगठन सचिव सुभाषचंद साहू एवं दुर्गा साहू को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। जिलाध्यक्ष गणेशराम साहू द्वारा संगठन का विस्तार किया गया। नगरी तहसील से सखाराम साहू को उपाध्यक्ष, रामगोपाल साहू को प्रचार-प्रसार मंत्री, मनहरन साहू को न्याय समिति सदस्य, टिकेश्वर साहू को कर्मचारी प्रकोष्ठ सदस्य तथा प्रदीप साहू, रामभरोसा साहू, लक्ष्मण साहू, देवानंद साहू एवं वेदराम साहू को कार्यकारिणी सदस्य मनोनीत किया गया जिम्मेदारी सौंपी गई। नियुक्त पर समाजजनों ने हर्ष जताया है।

## छात्रों ने लोकनृत्य, देशभक्ति गीत से बांधा समां

- शासकीय माध्यमिक शाला बटनहर्रा में मनाया गया 77वां गणतंत्र दिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी





शासकीय माध्यमिक शाला बटनहर्रा में 77वां गणतंत्र दिवस मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर देशभक्ति के रंग में रंगा नजर आया।

मुख्य अतिथि विधायक श्रीमती अंबिका मरकाम तथा जनपद सदस्य श्रीमती प्रभा नेताम रही। वहीं विशिष्ट अतिथि सरपंच अनीता मरकाम थी। विद्यार्थियों द्वारा लोकनृत्य, देशभक्ति गीत, नाट्य मंचन तथा विज्ञान आधारित गतिविधियों पर प्रस्तुतियां दी गई।

श्रीमती अंबिका मरकाम ने अपने संबोधन में ग्रामवासियों को सौर ऊर्जा (सोलर पैनल) के उपयोग हेतु प्रेरित करते हुए इसे पर्यावरण संरक्षण एवं ऊर्जा आत्मनिर्भरता की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया। प्रभा नेताम ने ग्राम के सर्वांगीण विकास पर बल देते हुए शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। इस अवसर पर अतिथियों ने ग्राम में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र खोले जाने की मांग पर सकारात्मक पहल किए जाने का आश्वासन दिया। प्रधानपाठक टीपी शेर ने आभार व्यक्त किया। मौके पर शासकीय माध्यमिक शाला बोडरा के प्रधानपाठक महेन्द्र बोर्झा, सर्वसमाज बटनहर्रा के ग्राम प्रमुख इतवारी साहू, ग्राम कोटवार परशुराम बघेल, उपसरपंच सेवती यादव, रमूला साहू, राजकुमार देव, शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष मुकेश मरकाम, पालक समिति अध्यक्ष विनय सोम, राघवेन्द्र ग्वाल, केपी यादव, मोहित सोम, नरोत्तम साहू, रोहित साहू, असवंत देव, धर्मेंद्र साहू, बलराम साहू, रीना यादव एवं ललिता साहू उपस्थित थी।

कार्यक्रम में प्रपा प्राशा गोता सोन, सहायक शिक्षिका खंजना कश्यप, वरिष्ठ शिक्षक पूनमचंद ठाकुर, शिक्षक ओमशंकर चन्द्रवंशी और विजय देवांगन, सफाईकर्मी चेतनसिंह नेताम तथा रसोईया जवंतीनबाई नागवंशी, खिलेश्वरी तेजराम यादव कुमारीबाई साहू तथा शम्भूलाल नाग का योगदान रहा।

## शाला परिवार खैरझिटी ने किया इंडियन आर्मी में चयनित वीर सैनिकों का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭मगरलोड



गणतंत्र दिवस के अवसर पर समस्त शाला प्रबंधन समिति, ग्राम विकास समिति एवं ग्राम पंचायत द्वारा गांव के होनहार नौजवान का इंडियन आर्मी में चयन होने से गांव में काफी हर्ष है। गांव में पहली बार कोई युवा देशसेवा में जा रहा है। राष्ट्रीय पर्व के अवसर पर चयनित नौजवानों धनेन्द्र पिता हेमन्त साहू एसएससी (जीडी) सीआईएसएफ इंडियन आर्मी, प्रमोद पिता तिलोचराम साहू एसएससी (जीडी) सीआरपीएफ (इंडियन आर्मी) का सम्मान किया गया।

इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्यअतिथि ओंकार सिंह साहू पूर्व ग्रामीण अध्यक्ष, लेखन साहू अध्यक्ष हाईस्कूल खैरझिटी, श्रीमती ओमिन साहू अध्यक्ष माध्य. शाला खैरझिटी, हुलेशराम साहू अध्यक्ष प्राथ. शाला खैरझिटी, जयनारायण साहू सरपंच ग्रापं खैरझिटी, श्रीमती सरिता रंजीत कश्यप सभापति जपं मगरलोड, खेमूराम साहू ग्रामीण अध्यक्ष, अशोक ध्रुव ग्रामीण सचिव सेनि प्राचार्य, बिसरुराम साहू पूर्व ग्रामीण सचिव, तोरणलाल साहू पूर्व नहर अध्यक्ष, नंदकुमार साहू, कमलेश साहू, तिलोच साहू, प्रेमचंद्र साहू, कीर्तन साहू, भुनेश्वर साहू, प्रमिला साहू, विनीता साहू, खुशबू साहू, कामिनी साहू, भुगेश्वरी साहू, लक्षण साहू, साथ ही साथ विद्यालय परिवार से प्राचार्य धीरज देवांगन हाईस्कूल, खिलेश्वर कश्यप प्रपा. माध्यमिक शाला, मनोज साहू प्रपा प्राथमिक शाला के साथ व्याख्याता एवं शिक्षक साथी शैलेन्द्र पारिक, नोहरसिंह कंवर, टुमेश्वर साहू, संतोष सिंहा, बलेन्द्र साहू, श्रीमती कांति साहू, राजेंद्र साहू, लिपिक नंदू यादव, सोनबेर बाबू, सफाई कर्मचारी तुलसी साहू, शेखन साहू, हीरा साहू, रसोइया सहायिका समस्त छात्र छात्रा एवं काफी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।

## विपरीत परिस्थितियों का सामना करने छात्र हमेशा तैयार रहें : मरकाम

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

- कल्लेमेटा में रासेयो का विशेष शिविर जारी



शासकीय सुखराम नागे महाविद्यालय नगरी में प्राचार्य डॉ. मनदीप खालसा के मार्गदर्शन एवं प्रो.आरआर मेहरा रासेयो कार्यक्रम अधिकारी के संयोजन में ग्राम पंचायत कल्लेमेटा में रासेयो का सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन किया जा रहा है। उद्घाटन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रुपेन्द्र मरकाम सरपंच कल्लेमटा थे। अध्यक्षता पुष्पा मण्डावी जनपद सदस्य ने की। विशेष अतिथि श्यामा सोरी उपसरपंच, देवकराम निर्मलकर पंच, कौशल्या मरकाम पंच, गंगाबाई निर्मलकर पंच, सियाराम मरकाम ग्राम पटेल, रमेश मरकाम वन समिति अध्यक्ष, रामकुमार मण्डावी फॉरेस्ट गार्ड, दयाराम मरकाम दुर्गा समिति अध्यक्ष थे। शिविर में 17 छात्र एवं 25 छात्राएं एवं 4 भूतपूर्व छात्र तथा 4 महाविद्यालय स्टॉफ सम्मिलित हुए। मुख्य अतिथि रुपेन्द्र मरकाम ने कहा कि छात्र–छात्राओं को जीवन में विपरीत परिस्थितियों का सामना करने के लिये हमेशा तैयार रहना चाहिये। ग्राम प्रमुख सियाराम पटेल ने बताया कि वर्तमान से सीखते हुए भविष्य निर्माण की ओर अग्रसर होना चाहिये। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. अश्वनी ध्रुव ने किया। इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी प्रो. आरआर मेहरा, सहायक कार्यक्रम अधिकारी सीता नेताम, देवेश जोशी अतिथि क्रीड़ाधिकारी, दीपांशु दीवान अध्यक्ष रासेयो, प्रकाश साहू उपाध्यक्ष रासेयो, हिमांशु कोसरे, सुश्री जयाश्रुति समेत छात्र-छात्राएं एवं ग्रामवासी उपस्थित थे।

### कम्पिटिशन एकेडमी में हर्षोल्लास से मनाया गया गणतंत्र दिवस

## शिक्षा का उद्देश्य केवल सरकारी नौकरी पाना नहीं है : पटेल

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी





इंदू फ्यूचर विंग्स फाउंडेशन की इकाई द कम्पिटिशन एकेडमी नगरी के प्रांगण में गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास से मनाई गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मोहनलाल पटेल एवं श्रीमती सरस्वती बाई पटेल ने ध्वजारोहण किया गया। विद्यार्थियों द्वारा भारत के संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक वाचन किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने नृत्य, संगीत, भाषण, गीत एवं कविता पाठ के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। मुख्य अतिथि श्री पटेल ने कहा कि अनुशासन, धैर्य और लगन के साथ किया गया हर प्रयास सफलता दिलाता है। शिक्षा का उद्देश्य केवल सरकारी नौकरी पाना नहीं है, बल्कि शिक्षा के माध्यम से समाज, गांव और देश में अपनी एक विशिष्ट पहचान बनाना भी है। सरस्वती बाई पटेल ने कहा कि जिसके इरादे मजबूत होते हैं, कोई भी परेशानी उसे आगे बढ़ने से रोक नहीं सकती। संस्था की प्रबंधक इंदु पटेल कहा कि गणतंत्र दिवस हम सभी भारतीयों के लिए अविस्मरणीय पर्व है। कार्यक्रम के दौरान एसएससी जीडी 2025 में चयनित प्रतिभावान विद्यार्थियों कुमारी सुमन साहू, दुलेश्वर कुमार व लाइब्रेरी के सर्वश्रेष्ठ विद्यार्थी लक्ष्मीकांत, मृत्युंजय, अनुशासनप्रिय विद्यार्थी विक्रांत, कक्षा के सर्वश्रेष्ठ विद्यार्थी राजलक्ष्मी, अनुशासनप्रिय विद्यार्थी कक्षा पीयूष यदु, सर्वश्रेष्ठ लीडरशिप प्रियंका सेन, स्टडी क्लब की बेस्ट स्टूडेंट पावनी मरकाम, कार्यक्रम प्रस्तुति में उत्कृष्ट योगदान के लिए मयंक साहू, कमल किशोर एवं गरिमा साहू को भी प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। अकादमी के प्रशिक्षक डायमंड साहू ने बताया कि यह संस्था केवल सरकारी नौकरी की तैयारी ही नहीं कराती, बल्कि विद्यार्थियों के सामाजिक, नैतिक एवं सर्वांगीण विकास के लिए भी निरंतर प्रयासरत है।

## अंचल की खबरें

### मौरीखुर्द में शान से लहराया तिरंगा



**मगरलोड।** गणतंत्र पर्व मौरीखुर्द में धूमधाम से मनाया गया। शासकीय प्राथमिक शाला में बच्चों ने भारतमाता, सुभाषचंद्र बोस की वेशभूषा में बाजे-गाजे के साथ गांव का भ्रमण किया। 77 वीं गणतंत्र दिवस की वर्षगांठ पर प्रधान पाठक श्रीमती आशा ध्रुव ने तिरंगा शान से फहराया। माध्यमिक शाला एवं आंगनबाड़ी केन्द्र के छोटे बच्चों ने देश भक्ति, गीत, भाषण कविता की प्रस्तुति दी। इस अवसर पर शिक्षिका द्रोपदी साहू, शिक्षाविद राम भरोसा साहू, सरपंच डीलन चंद्राकर, गैंदलाल साहू, कृपाराम साहू, पूर्णिमा यादव, थानेश्वर, रेखा साहू, बंशीलाल यादव, अशोक सहित सैकड़ों ग्रामवासी उपस्थित थे।

### निषाद समाज भवन में गणतंत्र दिवस मना



**मगरलोड।** निषाद समाज भवन करेली बड़ी में गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास से मनाया गया। समाज के अध्यक्ष नंदूराम निषाद ने ध्वजारोहण कर तिरंगे झंडे को सलामी दी। मानसिंग निषाद ने गणतंत्र दिवस पर्व मनाने के इतिहास को विस्तार से बताया। मौके पर हरकराम निषाद, लेखराम निषाद, दाऊलाल निषाद, आशाराम निषाद, भारत निषाद, शम्भू निषाद, भारतलाल, रामाधार वासुदेव, रामकुमार निषाद, मानसिंग निषाद, सत्तू, नकुल निषाद मौजूद रहे।

### प्राधिकृत अधिकारी ने किया ध्वजारोहण



**मगरलोड।** प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति कुंडेल में गणतंत्र दिवस पर प्राधिकृत अधिकारी राम आसरु साहू ने ध्वजारोहण किया। बच्चों ने राष्ट्रगान गाया। मौके पर पूर्व अध्यक्ष भुवन यादव, मोहन साहू, समिति प्रबंधक इरोज साहू, भुवन यादव, रामकुमार यादव, ओमप्रकाश यादव, सोमनाथ साहू, रूपचंद साहू, लोमश सोनबेर, नारायण निषाद, कांशीराम, उमेन्द्र, सेवक साहू, देवलाल, विष्णु साहू, पंचराम निषाद, महेंद्र यादव, शम्भू साहू, नंदकुमार, फूलचंद साहू, डिगेश्वर साहू, मुरलीधर कश्यप, गैंदलाल ध्रुव, लखन साहू, केशव साहू समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

### स्कूली बच्चों ने गाया राष्ट्रगान



**मगरलोड।** ग्राम पंचायत कुण्डेल में राष्ट्रीय पर्व हर्षोल्लास से मनाया गया। सरपंच दशोदा साहू ने ध्वजारोहण कर तिरंगे झंडे को सलामी दी। स्कूली बच्चों ने राष्ट्रगान की प्रस्तुति दी। सचिव भागवत देवांगन ने गणतंत्र दिवस के इतिहास को बताया। मौके पर उपसरपंच मुकेश यादव, कौशल साहू, शंकर साहू, मुरलीधर कश्यप, गोवर्धन साहू, रेवाराम साहू, पोखराज महार, लता साहू, सत्यवती यादव, केशरी यादव, चमेली वर्मा, प्रीति साहू, प्रमिला निषाद, जैनबाई ध्रुव, उर्वशी कश्यप, ओमेश्वरी साहू, रोशनी वर्मा, युगलस्वरूप यादव, नंदू ध्रुव समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

### पंचायत भवन में सरपंच ने फहराया तिरंगा



**मगरलोड।** उपतहसील क्षेत्र के ग्राम पंचायत परसट्ठी में गणतंत्र दिवस मनाया गया। गांव के पंचायत भवन में टोमन साहू सरपंच ने ध्वजारोहण किया। मौके पर स्कूली बच्चों ने राष्ट्रगान की प्रस्तुति दी। बच्चों ने मार्च पास्ट निकाला। स्कूल, आंगनबाड़ी केंद्र में ध्वजारोहण हुआ। मौके पर सचिव रवि साहू, उपसरपंच संतराम साहू, पंचगण ओमलता साहू, अम्बिका चेलक, योगेश्वरी ध्रुव, डिगेश्वरी साहू, पम्मी साहू, हेमिन साहू, टेमिन साहू, खुशबू साहू, दुर्गा चेलक, इंद्रा साहू, विष्णु साहू, घनश्याम साहू, भोजराम साहू, देवानंद साहू, पुष्पक ग्वाल, शोभा ध्रुव, नारायण निषाद, पुरुषोत्तम सोनकर, कम्प्यूटर ओपरेटर नरेंद्र चंदेल, रोजगार सहायक पूरण चेलक, योगेश्वर साहू भृत्य उपस्थित थे।

### करेली बड़ी पंचायत में हुआ ध्वजारोहण



**मगरलोड।** 26 जनवरी की 77वीं वर्षगांठ में उपतहसील करेली बड़ी के ग्राम पंचायत भवन में गणतंत्र दिवस पर सरपंच खेमलता साहू ने तिरंगा झंडा फहराया। तिरंगे झंडे को सलामी देकर राष्ट्रगान, वन्देमातरम गायन कर देश के अमर शहीदों के जयकारे लगाए। सरपंच ने कहा कि आज के दिन भारत का लिखित संविधान लागू हुआ था। संविधान में लिखे विषय पर ही देश की कानून व्यवस्था संचालित हो रही है। स्कूली बच्चों ने मार्च पास्ट निकाला। इसी कड़ी में उपतहसील कार्यलय, जिला सहकारी बैंक, आईटीआई, सबस्टेशन, जय स्तम्भ, पशु चिकित्सालय, शासकीय हाईस्कूल, आंगनबाड़ी केंद्रों, पुलिस चौकी, ग्रामीण बैंक, अटल चौक, पीडीएस दुकान में भी हर्षोल्लास के साथ ध्वजारोहण किया गया। पुराना पंचायत भवन में उपसरपंच तोरण आनेश्वरी ने ध्वजारोहण किया। इस दौरान जनपद सदस्य देवेंद्र पाल, सचिव मुकेश साहू, उपसरपंच तोरण आनेश्वरी, नरेश भारती, सन्तोष मांडे, ढालेश साहू, भोज साहू, दयालु, कुलेश्वर सिन्हा, गायत्री सेन, भुनेश्वरी साहू, बिनू साहू, रूखमणी साहू, मालती भारती, सुरुज निषाद, गौरी निषाद, विद्या निषाद, राजकुमारी निषाद, यदुनंदन साहू, यशवंत साहू, निमेष यादव, मेषकुमार, ओमप्रकाश

### निधन : राधाबाई साहू

**नगरी।** नगर पंचायत नगरी निवासी राधाबाई साहू उम्र 80 वर्ष का शनिवार रात्रि लगभग 9 बजे निधन हो गया। वे ज्वालाप्रसाद साहू कोषाध्यक्ष नगर व्यवस्था समिति नगरी की माताजी थीं। उनके निधन से नगर में शोक की लहर है। रविवार को निकाली गई अंतिम यात्रा में नगरवासी एवं सामाजिक बंधुओं ने बड़ी संख्या में शामिल होकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

## अंचल की खबरें

### सशिमं सलोनी में बसंत पंचमी मनाई गई



**कुकरेल(धमतरी)।** सरस्वती शिशु मंदिर सलोनी के प्रांगण में बसंत पंचमी मनाई गई। कार्यक्रम के दौरान मां सरस्वती की पूजा-अर्चना करने के पश्चात नवप्रवेशी छात्रों के स्वागत के पश्चात विद्यारम्भ संस्कार किया गया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य मनोहर दास मानिकपुरी, मीना साहू, विद्या ध्रुव, योगेश्वरी साहू, रेशमी साहू, दिनेश्वरी, तामेश्वरी साहू, खोमेन्द्र साहू उपस्थित थे।

### महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर दिया नशामुक्ति का संदेश




**धमतरी।** महात्मा गांधी की 78वीं पुण्यतिथि पर मानसिक दिव्यांग प्रशिक्षण केंद्र सार्थक स्कूल में विशेष बच्चों द्वारा भावपूर्ण श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर सार्थक स्कूल के बच्चों प्रीति साहू, देवश्री सर्वा, श्वेता मसीह, यज्ञदत्त साहू, प्राची सोनी, मनीषा साहू, एकलव्य पटेल, निमेश सिन्हा एवं मनीष मंडावी ने नशामुक्ति विषय पर सुलेख एवं पेंटिंग के माध्यम से समाज को नशे से दूर रहने का सशक्त संदेश दिया। कार्यक्रम के अंत में सभी लोगों ने दो मिनट का मौन रखकर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर संस्था की सचिव स्नेहा राठौड़ सहित देविका दीवान, कौशल्या यादव, काजल रजक एवं सुनैना गोड़े उपस्थित रहीं।

### करेली बड़ी समिति में गोपाल साहू ने की ध्वजारोहण

**मगरलोड।** प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति करेली बड़ी में गणतंत्र दिवस पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। प्राधिकृत अधिकारी गोपाल साहू ने ध्वजारोहण कर तिरंगे झंडे को सलामी दी। इस मौके पर हाईस्कूल की छात्र छात्राएं, सरस्वती शिशु मंदिर, समाधान स्कूल, शासकीय प्राथमिक शाला के बच्चों ने राष्ट्रगान की प्रस्तुति देकर झंडे को सलामी दी गई। इस मौके पर सरपंच खेमलता साहू, सुपरवाजर परमेश्वर निर्मलकर, महेंद्र साहू, जनपद सदस्य देवेंद्र पाल, समिति प्रबंधक नत्थु सोनकर, तरुण निषाद, रमेश साहू, राधे निषाद, सुमित जामरे, एकांत साहू, कृपा बघेल, राहुल साहू, तोरण आनेश्वरी, सन्तोष मांडे, नरेश भारती, ढालेश साहू, मोहित कश्यप, प्रदीप साहू, दानेश्वर सिन्हा, हिम्मत साहू, शेखूराम साहू, मेश्राम साहू, पूर्व सरपंच डोमारसिंह साहू, पदुमलाल साहू समेत बड़ी संख्या में कर्मचारी उपस्थित थे।

### सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति ने ग्रामीणों का मन मोहा



**धमतरी।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भोथली में गणतंत्र दिवस मनाया गया। ध्वजारोहण त्रिभुवन सन्हरा अध्यक्ष द्वारा किया गया। प्राचार्य एलके उपाध्याय ने गणतंत्र दिवस की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि प्रत्येक नागरिक संविधान का पालन व सम्मान करें। ग्राम भोथली के रामलीला चौक, आनंद चौक व ग्राम पंचायत में ध्वजारोहण कर प्रभातफेरी निकाली गई। स्काउट गाइड के द्वितीय, तृतीय सोपान व राज्यपाल पुरस्कार प्राप्त प्रमाण-पत्र का वितरण किया गया। एग्जैक्ट फाउंडेशन व रासेयो का प्रमाण पत्र दिया गया। 10वीं व 12वीं में टॉप 10 व प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं के लिए इनाम व भ्रमण कराने की घोषणा प्राचार्य एलके उपाध्याय, सरपंच शिवरात्रि ध्रुव, जितेंद्र सन्हरा, मनमोहन तेलासी व डॉ. गणेशप्रसाद साहू द्वारा की गई। आभार प्रदर्शन प्रधानपाठक संतोष सेन ने किया। इस अवसर पर जनपद सदस्य दिलीप सेन, निर्भय साहेब, जीआर सन्हरा, नवलख राम साहू ,नागेश कुमार साहू ,ललिता साहू, उमाकांत, मंजूषा साहू, रेखा देहारी, रेणुका ध्रुव, स्वाति सोरी, दुर्गा साहू, किशोरी कश्यप, विमला साहू, समेत अन्य उपस्थित थे।

### फाइलेरिया उन्मूलन के लिए जिले में ट्रांसमिशन आकलन सर्वेक्षण सर्वे



**धमतरी।** फाइलेरिया उन्मूलन के लिए जिले में ट्रांसमिशन आकलन सर्वेक्षण (टीएएस-3) सर्वे कराया जा रहा है। सीएमएचओ डॉ. कौशिक ने बताया कि इसमें शासकीय एवं निजी कुल 91 स्कूलों के पहली और दूसरी कक्षा के (6 से 7) वर्ष के 1552 बच्चों का रक्त लेकर फाइलेरिया टेस्ट स्ट्रीप किट एवं माध्यम जांच की जा रही है। उन्होंने बताया कि चिन्हांकित ग्रामों नगरी के 33, मगरलोड के 15, कुरूद के 21, धमतरी (गुजरा) के 15 एवं शहर क्षेत्र के 7 स्कूल शामिल हैं। डॉ. कौशिक ने बताया कि पूर्व में विभाग द्वारा फाइलेरिया उन्मूलन सर्वे (टीएएस-1 एवं टीएएस-2) पास कर चुका है तथा छत्तीसगढ़ के मात्र, तीन जिले जिसमें फाइलेरिया सर्वे गतिविधि किया जा रहा है, उसमें धमतरी जिला शामिल है। यह गतिविधियां जिला नोडल अधिकारी डॉ. आदित्य सिन्हा, जिला कार्यक्रम प्रबंधक डॉ. प्रिया कंवर, जिला व्हीबीडी सलाहकार सस्मिता पट्नायक, चिरायु आरबीएसके टीम एवं स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा की जा रही है। फाइलेरिया के लक्षण हाथ या पांव में सूजन, हाथी पांव, हाइड्रोसील व फाइलेरिया से बचाव डीईसी की गोली चिकित्सक की परामर्श उपरांत, मच्छरदानी का उपयोग और अपने घर के आसपास स्वच्छता रखना, पानी का जमा नहीं होने देना है।

### बगौद में शान से लहराया तिरंगा

**अंवरी।** ग्राम बगौद में धूमधाम से गणतंत्र दिवस मनाया गया। ग्राम बगौद के जय मां शारदा चौक में झण्डा फहराया गया। मौके पर हेमलाल साहू, पुरानिक राम साहू, संतराम यादव, पंच नागेश्वरी, हीरामणि साहू, लोमन साहू, लीलेश्वर अडिल, डिगेश्वर अडिल, चोवा साहू, झम्मन, थानेश्वर, लीलाराम साहू, किशन, हेमांशी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

कर्णेश्वर महादेव की पूजा अर्चना से 5 दिवसीय मेला महोत्सव का हुआ शुभारंभ

# हजारों श्रद्धालुओं ने महानदी व बालका नदी के संगम में लगाई आस्था की डुबकी





हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

कर्णेश्वर मेला में माघ पूर्णिमा पर हजारों श्रद्धालुओं ने महानदी व बालका नदी के संगम में पुन्नी स्नान कर कर्णेश्वर महादेव सहित विभिन्न देवी देवताओं का दर्शन लाभ लिया। शनिवार की मध्य रात्रि से ही दूर-दूर से आये ग्रामीणों , साधु संतों, देवी देवताओं अपने देव विग्रह सहित महानदी व बालका नदी के संगम में आस्था की डुबकी लगाई। यह सिलसिला रविवार दिन भर चलता रहा। परम्परा अनुसार मन्दिर में आये देवी देवताओं को ट्रस्ट द्वारा मड़ई के लिये सुपारी चावल भेंटकर आमंत्रण दिया गया। कर्णेश्वर महादेव मन्दिर ट्रस्ट व प्रशासन पूरी चाक चौबंद व्यवस्था करने में जुटे हैं। शनिवार की शाम को संगम स्नान घाट में ट्रस्ट ने प्रथम दीप दान किया। कर्णेश्वर महादेव की पूजा अर्चना से पांच दिवसीय माघ पूर्णिमा मेला महोत्सव का शुभारंभ हुआ।

गढ्डोंगरी के मांझी परिवार द्वारा खम्बेश्वरी में ध्वजा चढ़ाया गया। टिकरी वाली के पुजारी ने सेवा पूजा की। सतनामी समाज ने जैतखाम में पालो चढ़ाकर बाबाजी को याद किया। कुम्हार समाज ने विष्णु भगवान, निषाद समाज ने राम सीता, निषाद राज व पटेल समाज ने माता शाकम्भरी की पूजा अर्चना की। समाज सेवी रामाराव बघेल द्वारा संगम घाट के पास प्रसादी वितरण किया गया।रात्रि में छतीसगढ़ी कार्यक्रम लोकप्रयाग राजिम का लोगों ने लुत्फ उठाया।

सोमवार को देव मड़ई है। जिसमें सिहावा अंचल सहित उड़ीसा व बस्तर के देवी देवता आंगा अपने पूरे स्वरूप में मेले की परिक्रमा करेंगे। लोगों के मनोरंजन के लिये रात्रि में रंग झरोखा दुष्यंत हरमुख कृत छत्तीसगढ़ी कार्यक्रम की प्रस्तुति होगी। इस आयोजन में संरक्षक व संरक्षक कैलाश पवार, ट्रस्ट अध्यक्ष विकल गुप्ता, उपाध्यक्ष रवि ठाकुर, रवि दुबे, सचिव भरत निर्मलकर, कोषाध्यक्ष निकेश ठाकुर, सहसचिव मोहन पुजारी राम भरोसा साहू, वरिष्ठ ट्रस्टी प्रकाश बैस, पूर्व विधायक पिंकी शाह, नागेन्द्र शुक्ला,शिव कुमार परिहार, ललित शर्मा कमल डागा ,राम प्रसाद मरकाम,गगन नाहटा,नोहर साहू, छबि ठाकुर, रामलाल नेताम, मोहन पुजारी, योगेश साहू अमर सिंह पटेल, अंजोर निषाद, रवि भट्ट, दीपक यदु, सचिन भंसाली, महेंद्र कौशल, प्रताप सुरेशा, मिलेश साहू, बबलू गुप्ता, ललित निर्मलकर, ईश्वर जांगड़े, अनिरुद्ध साहू,दुर्गेश साहू, कैलाश प्रजापति, दीपक यदु, प्रकाश सार्वा ,राकेश चौबे, हनी कश्यप, नरसिंह मरकाम, मोहन नाहटा, बंटी जैन, होरी लाल पटेल, केआर बोरघरिया, टेश्वर ध्रुव, मदन साहू, सन्तु साहू, डोमार मिश्रा, मनोज गुप्ता, प्रेमजीत छाबड़ा जुटे हैं।

## नशापान से दूर रहकर राष्ट्र निर्माण में योगदान दे युवा : ज्योति




- कंवर पैकरा समाज का वार्षिक सम्मेलन सम्पन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरूद

कुरूद पाली कंवर पैकरा समाज का वार्षिक सम्मेलन हुआ, जिसमें अतिथि स्वागत, प्रतिभा सम्मान, समाजिक प्रकरणों का निराकरण, आय-व्यय का विवरण एवं एकजुटता के साथ आगे बढ़ने का संकल्प लिया गया। पुराना मंडी परिसर में शनिवार को कुरूद पाली आदिवासी कंवर पैंकरा समाज के कार्यक्रम में शामिल हुई नगर पालिका अध्यक्ष ज्योति चन्द्राकर का साफा पहनाकर स्वागत किया गया।

मुख्य अतिथि की आसंदी से अपनी बात रखते हुए प्रथम नागरिक ने समाज के पदाधिकारियों और सदस्यों को बेहतरीन आयोजन के लिए बधाई देते हुए युवा वर्ग को नशापान से दूर और शिक्षा के रास्ते पर चलकर राष्ट्र निर्माण में योगदान देने की बात कही। उन्होंने उम्मीद जताई कि यह आयोजन कंवर समाज के लिए एकता और अखंडता का मिसाल बनेगा। श्रीमती चन्द्राकर ने बताया कि भाजपा ने इसी समाज के व्यक्ति को प्रदेश की कमान सौंप आदिवासी समुदाय के उत्थान का संकल्प जताया है।

सरकार ने समाजहित में विभिन्न निर्णय लिए जिसका लाभ योजनाओं के माध्यम से अंतिम तबके तक पहुंच रहा है। छत्तीसगढ़ में विष्णुदेवसाय प्रदेश के मुखिया होने के साथ- साथ आदिवासी समाज और हमारी पार्टी के भी गौरव हैं। उनके सुशासन और क्षेत्रीय विधायक के मार्गदर्शन में नगर एवं क्षेत्रों का चहुंमुखी विकास किया जा रहा है। आदिवासी पैकरा कंवर समाज अपनी सरलता और सीधेपन के लिए पूरे देश में जाना जाता है। इस अवसर पर सामाजिक पदाधिकारी एवं आदिवासी समुदाय के लोग बड़ी संख्या में मौजूद थे।

# विधायक ने कार्यकर्ताओं संग सुना केंद्रीय बजट का लाइव प्रसारण

- बजट आत्मनिर्भर एवं सशक्त भारत बनाने का स्पष्ट रोडपैम है : अजय

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरूद



केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने लगातार अपना नौवां बजट पेश किया है। भाजपा कार्यालय कुरुद में पूर्व मंत्री अजय चंद्राकर ने पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ केंद्रीय बजट 2026 को सुना। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि यह बजट आम आदमी, गरीब, किसान, युवा और मध्यम वर्ग को ध्यान में रखकर बनाया गया है तथा भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की दिशा में एक मजबूत आधार तैयार करता है।

विधायक श्री चंद्राकर ने बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि यह बजट दूरदर्शी सोच पर आधारित है, जिसमें इंफ्रास्ट्रक्चर, रोजगार सृजन, आत्मनिर्भर भारत और तकनीकी सशक्तिकरण को प्राथमिकता दी गई है। एमएसएमई सेक्टर, स्वास्थ्य सेवाओं, ग्रीन एनर्जी, सेमीकंडक्टर मिशन और बायो-फार्मा सेक्टर के लिए किए गए प्रावधान देश की अर्थव्यवस्था को दीर्घकालिक मजबूती देंगे। उन्होंने इसे लोक-लुभावन नहीं बल्कि सुधारवादी और विकासोन्मुखी बजट बताया। श्री चंद्राकर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में प्रस्तुत यह बजट आत्मनिर्भरता, समावेशी विकास और आर्थिक अनुशासन का संतुलित उदाहरण है। उन्होंने कहा कि लगभग 7 प्रतिशत की निरंतर आर्थिक वृद्धि दर वैश्विक परिस्थितियों में भारत की आर्थिक ताकत को दर्शाती है।

बजट की सराहना करते हुए इसे विकसित भारत-2047 की दिशा में एक ऐतिहासिक, सर्वसमावेशी और दूरदर्शी बजट बताया। विधायक ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा प्रस्तुत यह बजट युवा, किसान, बागवान, महिलाएं, व्यापारी, कर्मचारी, एसएमई और मध्यम वर्ग सहित समाज के हर वर्ग का संतुलित रूप से ख्याल रखने वाला है। यह बजट देश को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने का स्पष्ट रोडमैप प्रस्तुत करता है।

# बजट को समावेशी भारत की दिशा में ऐतिहासिक कदम बताया

- कर्णेश्वर धाम में नगरी के भाजपाइयों ने केंद्रीय बजट का सीधा प्रसारण देखा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी



नगरी मंडल में केंद्रीय बजट 2026-27 का सीधा प्रसारण देखा गया। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत बजट को प्रोजेक्टर के माध्यम से कर्णेश्वर धाम सिहावा में देखा गया। यह कार्यक्रम नगरी मंडल के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया।

नगर पंचायत अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा ने केंद्रीय बजट को ऐतिहासिक और समावेशी बताते हुए इसे देश के स्वर्णिम भविष्य का दस्तावेज कहा। उन्होंने कहा कि यह बजट सबका साथ सबका विकास की भावना को और मजबूत करता है तथा मध्यम वर्ग और किसानों को बड़ी राहत देने वाला है, जो देश के उत्थान में मील का पत्थर सिद्ध होगा। केंद्रीय बजट से छत्तीसगढ़ को व्यापक लाभ मिलने की उम्मीद है। पूर्व विधायक श्रवण मरकाम ने कहा कि अनुसूचित जनजाति बहुल राज्य होने के कारण महिला स्टार्टअप योजनाओं से छत्तीसगढ़ की महिलाओं को विशेष लाभ मिलने की संभावना जताई गई। बुनियादी ढांचे में निवेश से असंगठित क्षेत्र में रोजगार के अवसरों में वृद्धि होगी। इस दौरान नगरी मंडल प्रभारी रविशंकर दुबे, पूर्व जनपद अध्यक्ष दिनेश्वरी नेताम, जिला उपाध्यक्ष अकबर कश्यप अजय मोर्चा जिला अध्यक्ष मोहन पुजारी, वरिष्ठ भाजपाई कमल डागा, जिपं सदस्य अजय ध्रुव जनपद सदस्य राजेश नाथ गोसाई, प्रेमलता नागवंशी, कुकरेल मंडल अध्यक्ष संजय शांडिल्य, बेलर मंडल महामंत्री मोनू साहू, नागेंद्र बोरझा, गिरवर भंडारी, तुलसी साहू, पार्षद अश्वनी निषाद, शंकर देव, अलका साव, चित्रांश नागवंशी, सरपंच नरसिंग मरकाम, पूर्व जिला पंचायत सदस्य सत्यवती नेताम सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## बजट में छत्तीसगढ़ के साथ सौतेला व्यवहार : तारिणी

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी



केंद्रीय वित्त मंत्री द्वारा पेश किए गए बजट को जिला कांग्रेस अध्यक्ष तारिणी चंद्राकर ने दिशाहीन बजट बताते हुए कहा कि इसमें मिडिल क्लास और लोअर मिडिल क्लास के लिए कोई ठोस राहत नजर नहीं आती। वास्तविक नीतिगत फैसलों की कमी साफ दिखी। महंगाई, रोजगार और रोजमर्रा के खर्चों से जूझ रहे वर्गों के लिए बजट में कोई स्पष्ट रोडमैप नहीं दिया गया। बजट में छत्तीसगढ़ की उपेक्षा की गई है। डबल इंजन की सरकार पूरी तरह फ़ैल हो चुकी है। राज्य की अर्थव्यवस्था मुख्य रूप से कृषि पर निर्भर है, लेकिन बजट में किसानों के लिए किसी विशेष पैकेज या योजना का न होना भाजपा सरकार की किसानों के प्रति संवेदनहीनता को दर्शाती है। केंद्र सरकार ने कुछ विशेष राज्यों पर ध्यान केंद्रित किया, जबकि छत्तीसगढ़ जैसे खनिज-समृद्ध राज्य को अनदेखा करने से स्पष्ट होता है कि प्रदेश में रिमोट कंट्रोल की सरकार चल रही है।

## भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष ने बजट को भारतीयों की उम्मीदों का पिटारा बताया

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी



केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार की वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने वर्ष 2026-27 के लिए केंद्रीय बजट पेश किया जिसमें आगामी वित्तीय वर्ष के लिए सरकार की खर्च योजनाएं, कर प्रस्ताव और नीतिगत दिशा-निर्देशों की रूपरेखा प्रस्तुत की गई। प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष रंजना साहू ने बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि यह आम बजट ग्राम विकास, श्रमिक विकास, कृषि विकास, इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट, महिला सशक्तिकरण, युवाओं के उत्थान के साथ माध्यम वर्ग को समर्पित है। मैन्युफैक्चरिंग से लेकर इंफ्रास्ट्रक्चर तक, स्वास्थ्य से लेकर टूरिज्म तक, ग्रामीण क्षेत्रों से लेकर एआई तक, स्पोर्ट्स से लेकर तीर्थों तक, विकसित भारत बजट हर गांव, हर कस्बे और हर शहर के युवाओं, महिलाओं तथा किसानों के सपनों को शक्ति देकर उन्हें पूरा करने वाला बजट है। बजट 2026-27 के माध्यम से प्रधानमंत्री श्री मोदी ने सिद्ध किया है कि आत्मनिर्भर और विकसित भारत केवल एक नारा नहीं, बल्कि हमारी सरकार का संकल्प है।

## केंद्रीय बजट ने कांग्रेस के झूठे नैरेटिव को धराशायी किया : अमन

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी



भाजपा मंडल रांवा अध्यक्ष अमन राव ने बताया कि कांग्रेस और उनके सहयोगी दलों को बार-बार यह कहने की आदत हो गई है कि कुछ नहीं हुआ, लेकिन केंद्रीय बजट 2026 ने एक बार फिर उनके झूठे नैरेटिव को धराशायी कर दिया है। यह बजट साफ़ संदेश देता है देश अब भाषणों से नहीं, निर्णायक फैसलों से चलेगा। आगे कहा कि कांग्रेस सरकारों ने दशकों तक आम जनता को महंगाई की आग में झोंका, वहीं मोदी सरकार ने बजट 2026 में सीधे जनता की जेब पर बोझ कम किया है। कपड़े, फुटवियर, लेदर उत्पाद, घरेलू इलेक्ट्रॉनिक्स, मोबाइल बैटरी, सोलर ग्लास, गैस सिलेंडर इन सबको सस्ता कर यह साबित कर दिया गया है कि भाजपा कहती कम है, करती ज्यादा है। कैंसर जैसी घातक बीमारी की 17 दवाइयों को ड्यूटी फ्री करना विपक्ष के लिए करारा तमाचा है। केंद्रीय बजट 2026 ने यह साबित कर दिया है कि देश सही हाथों में सुरक्षित है।

## केंद्रीय बजट विकसित भारत के संकल्प को गति देगा : रूपकुमारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी



महासमुंद सांसद रूपकुमारी चौधरी ने कहा है कि केन्द्र सरकार के वर्ष 2026-27 के लिए रविवार को संसद में प्रस्तुत बजट कर्तव्य पथ पर आधारित तीन मुख्य स्तंभों तेज आर्थिक विकास, समावेशी विकास और राजकोषीय अनुशासन पर केंद्रित है। सरकार ने इस बजट के माध्यम से मध्यम वर्ग, युवाओं, विनिर्माण क्षेत्र और बुनियादी ढांचे को सशक्त बनाने की दिशा में कई ऐतिहासिक कदम उठाए हैं। श्रीमती चौधरी ने कहा कि सरकार ने राजकोषीय घाटे को सकल घरेलू उत्पाद के 4.3 प्रतिशत पर रखने का लक्ष्य रखा है, जो पिछले वर्ष के 4.4 प्रतिशत से कम है। यह अर्थव्यवस्था की स्थिरता के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। श्रीमती चौधरी ने आयकर स्लैब में बदलाव, मानक कटौती की सीमा में वृद्धि, प्रत्यक्ष करों में राहत, नए कर अधिनियम का स्वागत करते हुए कहा कि बुनियादी ढांचे के विकास के लिए पूंजीगत व्यय को बढ़ाकर 12.2 लाख करोड़ रुपए कर दिया गया है। एमएसएमई क्षेत्र के लिए 10 हजार करोड़ रुपए के विशेष कोष की स्थापना की गई है। श्रीमती चौधरी ने कहा कि कृषि और संबद्ध क्षेत्रों के लिए डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढाँचे का विस्तार किया जाएगा। बजट में कैंसर की 17 दवाओं के साथ ही मोबाइल फोन के पुर्जे, लिथियम-आयन बैटरी निर्माण के उपकरण और व्यक्तिगत उपयोग के लिए आयातित सामानों पर सीमा शुल्क 20 प्रतिशत से घटाकर 10 प्रतिशत किया गया है। श्रीमती चौधरी ने कहा कि केंद्रीय बजट केवल एक वित्तीय विवरण नहीं, बल्कि भविष्य के भारत का रोडमैप है।

## मध्यम वर्ग को विकसित बनाने सरकार ने दिखाई मजबूत प्रतिबद्धता : चेतन

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी



केंद्रीय बजट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए भाजपा जिला कोषाध्यक्ष चेतन हिंदुजा ने कहा कि छत्तीसगढ़ समेत पूरे देश को बजट में बड़ी सौगात मिली है। छत्तीसगढ़ में टेक्सटाइल और केमिकल पार्क व माइनिंग कॉरिडोर का एलान उद्योगों को नई जान देकर रोजगार के अवसर पैदा करेगा। देश में 15,000 स्कूलों और 500 कॉलेजों में एबीजीसी कंटेंट क्रिएटर लैब्स खोलने की घोषणा की गई है। युवाओं को नई तकनीक सिखाने और भविष्य के कामों के लिए तैयार करने पर ध्यान केंद्रित किया गया है। बजट में एमएसएमई उद्योगों को समर्थन देने और मध्यम वर्ग को विकसित करने के लिए मजबूत प्रतिबद्धता दर्शाई गई है। बजट में टैक्स स्लैब में बदलाव की भी घोषणा की गई है, जिसमें 12 लाख रुपये तक की आय को कर से मुक्त रखा गया है। इसके अलावा, राजकोषीय घाटे को 4.3 प्रतिशत रखने का अनुमान है और कैपिटल एक्सपेंडिचर बढ़ाकर 12.2 लाख करोड़ रुपये किया गया है। देश मे इंटरनेट कनेक्टिविटी और डिजिटल नेटवर्क को मजबूत किया जाएगा।







विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## अंचल की खबरें

### बजट में आम आदमी को राहत नहीं : शत्रुहन



**धमतरी।** केंद्रीय बजट 2026 को निराशाजनक बताते हुए अधिवक्ता शत्रुहन सिंह साहू सदस्य राज्य विधिज्ञ परिषद छत्तीसगढ़ ने कहा कि बजट को सरकार द्वारा विकासोन्मुख बताया जा रहा है, किंतु वास्तविकता यह है कि यह बजट आम नागरिक, मध्यम वर्ग, किसान और युवाओं की बुनियादी समस्याओं को लेकर निराशाजनक है। बढ़ती महंगाई और बेरोजगारी के बीच आयकर में किसी ठोस राहत का अभाव मध्यम वर्ग के साथ अन्याय है। कृषि, ग्रामीण विकास और रोजगार सृजन को लेकर किए गए दावे स्पष्ट नीति और ठोस क्रियान्वयन के बिना खोखले प्रतीत होते हैं। युवाओं के लिए रोजगार और किसानों की आय बढ़ाने जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर बजट में कोई ठोस रोडमेप नहीं दिखता।

### भूपेश सरकार ने गांधीजी की पुण्यतिथि पर कब शुष्क दिवस घोषित किया : कविंद्र



**धमतरी।** विगत दिनों जिला कांग्रेस द्वारा गांधी की पुण्यतिथि पर शुष्क दिवस घोषित न किए जाने पर प्रदर्शन किया गया। इस प्रदर्शन को कांग्रेस का ढोंग बताते हुए भाजपा नेता कविंद्र जैन ने कहा कि मुद्दाविहीन कांग्रेस कभी जी राम जी को लेकर तो कभी गांधी जी की पुण्य तिथि को शुष्क दिवस घोषित करने को लेकर व्यर्थ का विरोध प्रदर्शन कर अखबारों की सुर्खियां पाना चाहती है। वास्तविकता यह है कि कांग्रेस ने आजादी के बाद से जितने भी साल देश में राज किया वो सिर्फ गांधीजी के नाम का दुरूपयोग करके ही किया। कांग्रेस जब सरकार में रहती है तो शराब घोटालों का कीर्तिमान बनाती है। गांधीजी के विचारों को यदि किसी सरकार ने आत्मसात किया है तो वो नरेन्द्र मोदी हैं जिन्होंने सत्ता संभालते ही गांधी जी के स्वच्छता के संदेश को जनआंदोलन बनाया। गांधीजी के नाम का सत्ता हासिल करने के लिए दुरुपयोग करने की बजाए कांग्रेस उनके आदर्शों पर चलने का प्रयास करे तो शायद उनका अस्तित्व सुरक्षित रह पायेगा।

### सर्वोदय इंग्लिश हायर सेकेंडरी स्कूल में कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों को दी गई विदाई



**धमतरी।** सर्वोदय इंग्लिश हायर सेकेंडरी स्कूल में कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों के सम्मान में विदाई समारोह का आयोजन हुआ। मुख्य अतिथि महापौर रामू रोहरा ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कक्षा 11वीं के विद्यार्थियों द्वारा कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों को स्नेहपूर्वक विदाई दी गई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि महापौर श्री रोहरा ने कहा कि विद्यार्थी जीवन संघर्ष, अनुशासन एवं लक्ष्य निर्धारण का महत्वपूर्ण काल होता है। कड़ी मेहनत, आत्मविश्वास और सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ने से ही सफलता प्राप्त की जा सकती है। इस दौरान विद्यार्थियों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं।

### डाक जीवन बीमा स्थापना दिवस पर निकली रैली




**धमतरी।** डाक जीवन बीमा के स्थापना दिवस पर डाक कर्मचारियों ने 31 जनवरी को रैली निकालकर आमजनता को बीमा करने के लिए प्रेरित किया। डाक जीवन बीमा डाकघर का सबसे पुराना बीमा है जो 1 फरवरी 1884 से प्रारंभ हुआ है। डाकघर का बीमा बचत एवं सुरक्षा के मामले में सबसे अच्छा साधन है। इसमें कम किस्त एवं अधिक बोनस दिया जाता है। वर्तमान में डाक जीवन बीमा में 52 रुपये प्रति हजार बोनस रेट है जो कि अन्य बीमा कंपनियों से सबसे ज्यादा है। यह एक सरकारी बीमा है जो केंद्र सरकार द्वारा संचालित है। बीमाधारक अपने सुविधानुसार बीमा धन लेकर बीमा कर सकता है। इस बीमा में न्यूनतम 20 हजार से लेकर 50 लाख तक का बीमा ले सकता है। बीमा लेने के लिए प्रवेश के लिए आयु 19 वर्ष से 55 वर्ष है। किस्त जमा करने में काफी सुविधाजनक है। पूरे देश में कोई भी डाकघर में इसकी किस्त आसानी से जमा की जा सकती है, अगर चाहे तो ऑनलाइन जमा करने की सुविधा भी उपलब्ध है। बीमाधारक को पासबुक एवं बीमा बांड पेपर उपलब्ध कराया जाता है। बीमा करने के लिए डाकघर के किसी भी कर्मचारी के पास बीमा कराया जा सकता हैं।

बीमा करवाने जागरूकता लाने के लिए पोस्ट मास्टर डाकघर धमतरी के पोस्टमास्टर जनकराम ध्रुव के निर्देश पर रैली निकाली गई। रैली में डिप्टी पोस्टमास्टर सीमा बेदी, डाक सहायक पवन भोजवानी, ईश्वर यदु, शिवनाथ देवांगन, भावेश सिन्हा, बिहारीलाल मरकाम, हेड पोस्टमेन नीलम बन गोस्वामी, पोस्टमेन यादोराम साहू, गैंदलाल, दिनेश साहू, छगनलाल साहू, विष्णु नारायण बंजारे, पेमन सिंह, सतप्रकाश धनसिंह ने भाग लिया।




## कुलेश्वर महादेव मंदिर के सामने किया धरना-प्रदर्शन

# जनप्रतिनिधियों ने राजिम मेला में मगरलोड की उपेक्षा का लगाया आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मगरलोड





राज्य शासन द्वारा माघ पूर्णिमा पर राजिम के कुलेश्वर महादेव मंदिर और राजीव लोचन के आसपास प्रतिवर्ष मेला का आयोजन किया जाता रहा है। राजिम कुंभ मेला 1 फरवरी से 15 फरवरी महाशिवरात्रि तक चलेगा। 31 जनवरी को मगरलोड क्षेत्र जनपद पंचायत मगरलोड क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों ने इस वर्ष राजिम मेले के किसी भी कार्यक्रम में सहभागिता न होने के विरोध में कुलेश्वर महादेव मंदिर प्रांगण के सामने 3 घंटे धरना प्रदर्शन किया। जनप्रतिनिधियों ने गरियाबंद जिला प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की।

पूर्व जनपद पंचायत अध्यक्ष श्याम साहू का कहना है कि राजिम मेला को राजिम कुंभ का दर्जा दिया गया है और इसके नाम पर राज्य शासन की संस्कृति विभाग से करोड़ों रुपये खर्च किया जाता है। त्रिवेणी संगम का प्रसिद्ध कुलेश्वर महादेव स्वयंभू के कारण माना जाता है। महानदी, पैरी, सोंढूर के त्रिवेणी संगम स्थल में भगवान कुलेश्वर महादेव विराजमान है। राजिम मेले में मगरलोड ब्लॉक का एक तिहाई हिस्सा नवागांव पंचायत में आता है। धमतरी जिला का भरपूर सहयोग लिया जाता है। प्रसिद्ध कुलेश्वर महादेव मंदिर, लोमश ऋषि आश्रम मगरलोड सीमा सरहद में है।

मेले के आयोजन में संस्कृति विभाग सहित जिम्मेदार अधिकारी द्वारा प्रसिद्ध कुलेश्वर महादेव मंदिर, लोमश ऋषि आश्रम सहित विकासखंड मगरलोड की उपेक्षा कर अनदेखी की जाती है। जनपद पंचायत अध्यक्ष वीरेंद्र साहू ने कहा कि मेला में कुलेश्वर मंदिर एवं लोमश ऋषि आश्रम के आसपास कुछ लाइट लगाकर औपचारिकता निभाई जा रही है। मगरलोड ब्लॉक के अधिकारी कर्मचारी सहित जनप्रतिनिधियों की पूछपरख नहीं होती है। जनपद पंचायत एवं तहसीलदार कार्यालय, वन विभाग, विद्युत विभाग, पीडब्ल्यूडी, पीएचई, 66 ग्राम पंचायत में कार्यरत सचिव, कोटवार सहित समस्त कर्मचारी, स्वास्थ्य विभाग, पुलिस थाना आलाधिकारी, कर्मचारी मेला व्यवस्था में दिनरात दिन जुटे हुए हैं लेकिन गरियाबंद जिला प्रशासन द्वारा धमतरी एवं मगरलोड विकासखंड की उपेक्षा की जाती है। मेला स्थल पर मगरलोड क्षेत्र के प्रतिदिन लगभग 200 मजदूर कार्य करते हैं। राज्य शासन के संस्कृति विभाग से जनपद पंचायत और मगरलोड को एक रूपया का भी फंड नहीं दिया जाता है। राजिम एसडीएम के आश्वासन पर धरना समाप्त किया गया। राजिम एसडीएम विशाल महाराणा ने बताया कि जनप्रतिनिधियों की मांग से शासन-प्रशासन को अवगत कराया गया है।

मौके पर उपाध्यक्ष खिलेश साहू, नरेश सिन्हा, सभापति राजेश साहू, पूर्व मंडल अध्यक्ष होरीलाल साहू, जनपद सदस्य विनीता साहू, अनीता देशमुख, मूलचंद साहू, चेतन साहू, तोषण साहू, जिपं सभापति मीना साहू, लोमश सिन्हा, डेमू साहू सहित बड़ी संख्या में व्यापारी उपस्थित थे।

### ये हैं मांगें

लोमश ऋषि आश्रम के अंदर लिपाई पुताई, लाइट टेंट एवं स्वागत गेट तत्काल लगाएं, लोमश ऋषि आश्रम में जितने भी साधु संत आए हैं उनके भोजन एवं प्रसाधन की व्यवस्था की जाए। लोमश ऋषि आश्रम से नवागांव बुढ़ेनी भेंडरी एवं बूढ़ेनी मेन रोड तक लाइट की व्यवस्था की जाए। लोमश ऋषि आश्रम कुलेश्वर महादेव संत समागम की सफाई समेत सभी व्यवस्था हेतु ग्राम नवागांव को शासन द्वारा अन्य नगर पंचायत, नगर पालिका को उपलब्ध राशि के अनुसार राशि दी जाए। कुलेश्वर महादेव की भौगोलिक सीमा में नवागांव का ग्राम पंचायत जनपद पंचायत मगरलोड अंतर्गत आता है। सीमांकन कर कुलेश्वर महादेव मंदिर को लोमश ऋषि आश्रम में समायोजित कर ग्राम पंचायत नवागांव में समायोजित किया जाए। जनपद पंचायत मगरलोड का पूर्व के कुंभ मेले में निकाली गई खर्च की राशि लगभग 60 लाख रुपए बाकी है। उसे तत्काल जनपद पंचायत मगरलोड को दिया जाए। कुलेश्वर महादेव के पास हो रही अवैध वसूली को बंद किया जाए। जनपद क्षेत्र मगरलोड में जनप्रतिनिधियों एवं अन्य गणमान्य नागरिकों के लिए पास की व्यवस्था नायब तहसीलदार करेली बड़ी को दी जाए। लोमश ऋषि आश्रम एवं कुलेश्वर महादेव मंदिर अंतर्गत ग्राम पंचायत नवागांव को संपूर्ण व्यवस्था का प्रतिनिधित्व दिया जाए। कल्पवास में बैठे साधु संतों की व्यवस्था पूरे सम्मान के साथ की जाए।

# विकसित भारत की परिकल्पना को साकार करने वाला बजट : प्रीतेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में माननीय वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण द्वारा संसद में प्रस्तुत केंद्रीय बजट 2026–27 का भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश सह कार्यालय मंत्री प्रीतेश गांधी ने स्वागत किया है। उन्होंने इस बजट को सर्वजन हिताय, सर्वजन सुखाय की भावना से ओत-प्रोत बताते हुए कहा कि यह विकसित भारत के संकल्प को साकार करने वाला दूरदर्शी और जनकल्याणकारी बजट है।

श्री गांधी ने कहा कि यह बजट "Reform Over Rhetoric" के सिद्धांत पर आधारित है, जिसमें केवल घोषणाओं के बजाय ठोस सुधारों के माध्यम से देश की आर्थिक संभावनाओं को वास्तविक उपलब्धियों में बदलने का स्पष्ट रोडमैप प्रस्तुत किया गया है। उन्होंने बताया कि बजट के माध्यम से सरकार ने तीन प्रमुख लक्ष्य तय किए हैं उत्पादकता और वैश्विक प्रतिस्पर्धात्मकता बढ़ाकर तेज और टिकाऊ आर्थिक विकास, आम नागरिकों की आकांक्षाओं को पूरा कर उन्हें विकास का सहभागी बनाना तथा सबका साथ, सबका विकास के विज़न के तहत सभी वर्गों तक समान अवसर सुनिश्चित करना।

उन्होंने कहा कि बजट 2026-27 में किसानों के हित, युवाओं के रोजगारपरक भविष्य, व्यापार एवं उद्योग के विस्तार और अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने की स्पष्ट दीर्घकालिक सोच दिखाई देती है। ऑरेंज इकॉनमी पर विशेष जोर देते हुए उन्होंने बताया कि एनीमेशन, विज़ुअल इफेक्ट, गेमिंग, कॉमिक्स और डिज़ाइन जैसे रचनात्मक क्षेत्रों में युवाओं को वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनाने के लिए देश के 15,000 स्कूलों और 500 कॉलेजों में एव्ही जीसी लैब्स स्थापित की जाएंगी। साथ ही पूर्वी भारत में नए नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ डिज़ाइन की घोषणा से भारत को ग्लोबल क्रिएटिव हब के रूप में पहचान मिलेगी। महिला सशक्तिकरण को बजट की बड़ी उपलब्धि बताते हुए श्री गांधी ने कहा कि ग्रामीण महिलाओं के आर्थिक उत्थान के लिए सी मार्ट योजना शुरू की गई है, जिससे महिलाओं को उद्यमिता, बाजार से सीधा जुड़ाव और आत्मनिर्भरता मिलेगी।

स्वास्थ्य क्षेत्र में राहत देते हुए कैंसर की 17 महत्वपूर्ण दवाइयों को कस्टम ड्यूटी से मुक्त किया गया है तथा 3 आयुर्वेदिक एम्स की स्थापना की जाएगी। इसके अलावा 10,000 करोड़ रुपये की बायो-फार्मा शक्ति योजना से अनुसंधान और दवा उद्योग को मजबूती मिलेगी। अधोसंरचना और उद्योग क्षेत्र में 7 हाई-स्पीड रेल कॉरिडोर, टेक्सटाइल पार्क और इलेक्ट्रॉनिक्स सेक्टर का बजट बढ़ाकर 40,000 करोड़ रुपये किया जाना भारत को वैश्विक विनिर्माण केंद्र बनाने की दिशा में अहम कदम है। श्री गांधी ने कहा कि यह बजट समावेशी विकास, रोजगार सृजन, बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं और मध्यम वर्ग को राहत देने वाला बजट है, जो विकसित भारत के लक्ष्य को नई ऊर्ज प्रदान करता है।

**सांकरा के नवज्योति विद्या मंदिर में वार्षिक स्नेह सम्मेलन**

# छिपी प्रतिभा में लाया निखार फिर दी सुंदर प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी





नव ज्योति विद्या मंदिर सांकरा में वार्षिक स्नेह सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस दौरान छात्र छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम की मनमोहक प्रस्तुति दी।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष अरूण सार्वा थे। उन्होंने कहा कि इस विद्यालय के संचालक, शिक्षक-शिक्षिकाएं नवाचार करने में अग्रणी हैं। यही कारण है कि बच्चों ने शिक्षकों के मार्गदर्शन में अपने अंदर छिपी प्रतिभा को निखारा और इस मंच के माध्यम से सुंदर प्रस्तुति दी।

इस दौरान स्वागत गीत, बादल पे पांव, रसो जामुन, वृक्षारोपण बेटी पढ़ाओ बेटी बचाओ, हम साथ- साथ, शिव तांडव, देश भक्ति गीत प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे सांकरा सरपंच नागेंद्र बोरझा ने कहा कि बच्चों के भविष्य निर्माण में शिक्षकों एवं पालकों का योगदान होता है। विशेष अतिथि जनपद अध्यक्ष राजेशनाथ गोसाई, ग्राम विकास समिति अध्यक्ष गिरवर भंडारी, उपसरपंच हरीश, लखन लाल सिन्हा, गिरधारी लाल साहू, अमृतलाल साहू, केशव साहू, रामाधीन साहू, पूर्व जनपद सदस्य श्रीमती सुलोचना साहू, श्रीमती मोहनी तारक, श्रीमती कविता साहू थे।

कार्यक्रम में विद्यालय प्रबंधक मुकेश राव नन्नावरे, सचिव महेंद्र यादव, प्रधानाचार्य एवन कुमार निर्मलकर, सहायक शिक्षक श्रीमती ललिता साहू, श्रीमती दिनेश्वरी पटेल, रीना साहू, खिलेश्वरी साहू, दामिनी साहू, एकता साहू, सानू नाग, पटेल, सरिता कश्यप, गोदावरी नेताम, श्रीमती सुमन साहू, खेमेश्वरी, गोदावरी राजपूत, प्रवीण यादव उपस्थित थे।

# युवा पीढ़ी पाश्चात्य छोड़ अपनी संस्कृति पर गर्व करें : तारिणी

- अटंग में तीन दिवसीय मानस गान का समापन, आज मड़ई मेला का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिर्री






ग्राम अटंग में तीन दिवसीय संगीतमय मानसगान प्रतियोगिता का समापन किया गया। अंतिम दिवस अनेक ख्यातिप्राप्त मंडलियों ने अपनी प्रस्तुति दी।

समापन दिवस की मुख्य अतिथि तारिणी चंद्राकर जिलाध्यक्ष कांग्रेस कमेटी थी। अध्यक्षता गायत्री इंद्रजीत चेलक सरपंच अटंग ने की। मुख्य अतिथि ने अपने उद्बोधन में रामकथा को जीवन में उतारने और युवा पीढ़ी को भारतीय संस्कृति से जोड़ने का आह्वान किया।

उन्होंने कहा कि मानसगान न केवल भक्ति का माध्यम है, बल्कि यह सामुदायिक सौहार्द्र, नैतिकता और सांस्कृतिक चेतना को सुदृढ़ करता है। मानसगान हमारे धर्म और आदर्शों की अनमोल विरासत है। रामचरितमानस के माध्यम से हम जीवन में प्रेम, त्याग और मर्यादा जैसे मूल्यों को सीख सकते हैं।

युवा पीढ़ी को पाश्चात्य संस्कृति से दूर होकर अपनी संस्कृति पर गर्व करना चाहिए। विशेष अतिथि नीलम चंद्राकर सदस्य जिपं धमतरी, आशीष शर्मा अध्यक्ष ब्लाक कांग्रेस कमेटी कुरूद, महेश्वरी रोशन चंद्राकर पूर्व सरपंच, मनोज अग्रवाल, भागवतराम साहू ग्रामीण अध्यक्ष, इंदुराम साहू ग्रामीण कोषाध्यक्ष, ओंकार साहू सहित अन्य उपस्थित थे। मंच का संचालन डा. जयलाल देवांगन धमतरी, वेदप्रकाश साहू अटंग ने किया।

कुलेश्वर साहू कोषाध्यक्ष ने बताया कि 2 फरवरी को मड़ई मेला का आयोजन होगा। रात्रि में जय मां खल्लारी छत्तीसगढ़ी नाचापार्टी हिन्छा पोटिया महासमुंद की प्रस्तुति होगी।







